Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide centres of various entrance examinations conducted by SSC and UPSC in Jalaun district, Uttar Pradesh -laid.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिला जालौन में कर्मचारी चयन आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित होते हैं जो कि आयोग द्वारा संचालित परीक्षाओं में भाग लेने के लिए कानपुर या लखनऊ जाते हैं लेकिन जालौन एक पिछड़ा जिला है यहां आर्थिक रूप से पिछड़े छात्र एवं छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होने के लिए कानपुर एवं लखनऊ जाने में सक्षम नहीं हैं। इस कारण से प्रतिभावान छात्र एवं छात्राएं इस परीक्षा में शामिल नहीं हो पाते हैं, जिससे उनका मनोबल लगातार क्षीण हो रहा है। मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि जिला जालौन के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए जालौन में संघ लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के केंद्र बना दिए जाए जिससे जिला जालौन के छात्र-छात्राएं भी उच्च पदों में शामिल होकर देश की सेवा कर सकें।